राजस्थान विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. प्रेरणा पुरी सम्मानित।

जयपुर– 27 जनवरी। राजस्थान विश्वविद्यालय में 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय स्थित स्पोर्ट्स ग्राउण्ड पर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन ने ध्वजारोहण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. राजीव जैन ने विश्वविद्यालय की प्रस्तावित कार्ययोजनओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, हाल ही विश्वविद्यालय परिसर एवं संघटक महाविद्यालयों को बीसलपुर पेयजल परियोजना के माध्यम से जल आपूर्ति के लिऐ कुलपति ने मुख्यमंत्री का आभार भी इस अवसर पर व्यक्त किया।

गणतंत्र दिवस के इस समारोह में कुलपति प्रो. राजीव जैन ने विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग की एक शिक्षक डॉ. प्रेरणा पुरी जो कि एन.सी.सी एयर विंग में फ्लाईंग ऑफिसर हैं, जिन्हे हाल ही एन.सी.सी डॉयरेक्टर जनरल द्वारा देश भर में एक उत्कृष्ट एन.सी.सी अधिकारी घोषित किया गया है, को भी इस विशिष्ट उपलब्धि के लिऐ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट सेवायें देने वाले 27 विश्वविद्यालय कर्मियों को भी कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्काउटिंग में राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के छात्र रहे विक्की सैनी एवं विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत् एन.एस.एस की छात्रा बुलबुल पाठक को भी कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया गया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री कजोड मल दूडिया सहित छात्र, शिक्षक, एवं भारी संख्या में कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

(डॉ. भपून्द्र सिंह शेखावत)
जनसम्पर्क अधिकारी

राजस्थान विश्वविद्यालय में 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. राजीव जैन झंडारोहण करते हुए एवं एन.सी.सी एयर विंग में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त करने वाली विश्वविद्यालय शिक्षक डॉ. प्रेरणा पुरी को सम्मानित करते हुए।